MAHD-04

June - Examination 2026
M.A. (Previous) Examination
HINDI
काव्यशास्त्र व समालोचना
Paper : MAHD-04

[*Time: **3** Hours*] [*Maximum Marks: **80***]

निर्देश :– यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–'अ' **8×2=16**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(i) आचार्य जगन्नाथ के अनुसार काव्य की परिभाषा बताइए।

(ii) प्रबंध काव्य और मुक्तक काव्य में मूलभूत अंतर बताइए।

(iii) भारतीय काव्यशास्त्र के प्रमुख संप्रदायों के नाम लिखिए।

(iv) 'रीति' की परिभाषा लिखिए।

(v) अनुभाव किसे कहते हैं?

(vi) 'श्रृंगार रस' का एक उदाहरण दीजिए।

(vii) त्रासदी सिद्धांत के जनक का नाम बताइए।

(viii) इलियट के प्रमुख काव्यशास्त्रीय सिद्धांत का नाम लिखिए।

खण्ड–'ब' 4×8=32

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

2. काव्य हेतु से क्या तात्पर्य है? संक्षेप में समझाइए।
3. प्रबंध काव्य की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।
4. ध्वनि को काव्य की आत्मा मानने के पक्ष में तर्क दीजिए।
5. रस निष्पत्ति सिद्धांत का विवेचन कीजिए।
6. वक्रोक्ति के प्रमुख भेदों को स्पष्ट कीजिए।
7. साधारणीकरण विषयक विभिन्न आचार्यों के मत की तुलना कीजिए।
8. आई.ए. रिचर्ड्स के साहित्य चिंतन की युक्तियुक्त समीक्षा कीजिए।
9. 'पाठालोचन' की सैद्धांतिकी को स्पष्ट कीजिए।

खण्ड–'स' 2×16=32

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **16** अंक का है।

10. काव्य की परिभाषा देते हुए इसके प्रमुख लक्षणों को लिखिए।
11. काव्य की आत्मा के आलोक में ध्वनि सिद्धांत का मूल्यांकन कीजिए।
12. फ्रायड के मनोविश्लेषणवाद की विवेचना कीजिए।
13. टिप्पणी लिखिए –
    (i) स्वच्छंदतावादी आलोचना
    (ii) उत्तर–आधुनिकतावाद
